**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 सोमवार** **दिनांक 11.05.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सोमनाथ मंदिर अमृत महोत्सव भारत के दृष्टिकोण को आने वाले एक हजार वर्ष तक प्रेरित करेगा–उन्होंने मंदिर के पुनर्निर्माण के पचहत्तर वर्ष पूरे होने पर महापूजा की।**
- **छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में भी आयोजित किया गया "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व"–रायपुर के महादेव घाट में मुख्यमंत्री ने की पूजा।**
- **प्रदेश में होने वाले नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के आम तथा उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया आज से शुरू।**
- **विकसित भारत जी राम जी – गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन–ग्रामीण अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए अधिसूचना जारी।**

**विकसित भारत–जी राम जी**

केंद्र सरकार ने विकसित भारत जी राम जी – गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन–ग्रामीण अधिनियम के क्रियान्व्यन के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। यह अधिनियम इस वर्ष एक जुलाई से देशभर में लागू हो जाएगा। विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम, बीस साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम – दो हजार पांच की जगह लेगा। इस नए अधिनियम का उद्देश्य, एक वित्तीय वर्ष में रोज़गार गारंटी को सौ दिनों से बढ़ाकर एक सौ पच्चीस दिन करना है।

**छत्तीसगढ़–सोमनाथ स्वाभिमान पर्व–01**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर के महादेव घाट स्थित हाटकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने जनप्रतिनिधियों और श्रद्धालुओं के साथ गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर से वर्चुअली जुड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पचहत्तर वर्ष पूर्व आज ही के दिन सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण हुआ था और इसी ऐतिहासिक अवसर को देशभर में स्वाभिमान पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर पर कई बार बाहरी आक्रांताओं द्वारा हमले किए गए, लेकिन मंदिर की आस्था और परंपरा को समाप्त नहीं किया जा सका। श्री साय ने कहा कि पहली बार आक्रमण के दौरान मंदिर के पुजारियों और श्रद्धालुओं ने मंदिर नहीं छोड़ा तथा अपने प्राणों का बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका त्याग आज भी इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है।

इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा और कृषि मंत्री रामविचार नेताम मौजूद थे।

**छत्तीसगढ़–सोमनाथ स्वाभिमान पर्व–02**

वहीं, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी भोरमदेव मंदिर परिसर में आयोजित "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन भारत की पुरातन संस्कृति और सभ्यता के गौरवपूर्ण स्मरण का अवसर है। इसी तरह, जांजगीर–चाम्पा जिले की धार्मिक नगरी खरौद में ''सोमनाथ स्वाभिमान पर्व–अटूट आस्था के एक हजार वर्ष'' विषय पर श्री लक्ष्मणेश्वर मंदिर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में गुजरात के सोमनाथ और वाराणसी में आयोजित कार्यक्रमों का लाइव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में सांसद कमलेश जांगड़े, कलेक्टर जन्मेजय महोबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

उधर, बालोद के कपिलेश्वर शिव मंदिर में राष्ट्रव्यापी स्मरण उत्सव का आयोजन किया गया। साथ ही जिले के अन्य प्राचीन शिवालयों – पलारी तथा बालोद विकासखंड के जगन्नाथपुर स्थित शिव मंदिर में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रदेश के अन्य जिलों में भी आज "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" का आयोजन किए जाने की खबर मिली है।

## छत्तीसगढ़–सोमनाथ स्वाभिमान पर्व–02

वहीं, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी भोरमदेव मंदिर परिसर में आयोजित **"सोमनाथ स्वाभिमान पर्व"** में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन भारत की पुरातन संस्कृति और सभ्यता के गौरवपूर्ण स्मरण का अवसर है।

इसी तरह, जांजगीर–चाम्पा जिले की धार्मिक नगरी खरौद में ''सोमनाथ स्वाभिमान पर्व–अटूट आस्था के एक हजार वर्ष'' विषय पर श्री लक्ष्मणेश्वर मंदिर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में गुजरात के सोमनाथ और वाराणसी में आयोजित कार्यक्रमों का लाइव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में सांसद कमलेश जांगड़े, कलेक्टर जन्मेजय महोबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

उधर, बालोद के कपिलेश्वर शिव मंदिर में राष्ट्रव्यापी स्मरण उत्सव का आयोजन किया गया। साथ ही जिले के अन्य प्राचीन शिवालयों – पलारी तथा बालोद विकासखंड के जगन्नाथपुर स्थित शिव मंदिर में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रदेश के अन्य जिलों में भी आज "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" का आयोजन किए जाने की खबर मिली है।

## प्रधानमंत्री–एशिया संकट अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पष्चिम एषिया संकट के बीच लोगों से एक साल तक सोना न खरीदने, ईंधन की खपत कम करने और विदेषी मुद्रा बचाने का आग्रह किया है। हैदराबाद में कल एक समारोह में श्री मोदी ने वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था फिर शुरू करने की अपील की। प्रधानमंत्री की यह अपील ऐसे समय में आई है, जब पष्चिम एषिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास व्यवधान के कारण वैष्विक कच्चे तेल की कीमतें लगभग सत्तर डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर लगभग एक सौ छब्बीस डॉलर प्रति बैरल हो गई हैं।

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जो युद्ध की स्थिति बनी हुई है, उसका प्रभाव संपूर्ण विश्व पर पड़ रहा है और उससे हमारा देश भी अछूता नहीं रहेगा। इसलिए प्रधानमंत्री ने पूरे देशवासियों को बहुत महत्वपूर्ण और उचित सलाह दी है।

## निकाय/पंचायत चुनाव–नामांकन

प्रदेष में होने वाले नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के आम तथा उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है, जो अट्ठारह मई तक चलेगी। नामांकन पत्रों की जांच उन्नीस मई को की जाएगी। उम्मीदवार इक्कीस मई तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। मतदान एक ही चरण में एक जून को होगा। जबकि, परिणाम चार जून को घोषित किए जाएंगे। गौरतलब है कि नगरीय निकायों में अध्यक्ष के पांच और पार्षद के सतहत्तर सहित कुल बयासी पदों पर चुनाव होगा। वहीं, त्रिस्तरीय पंचायतों में जनपद पंचायत सदस्य के दस, सरपंच के बयासी और पंच के एक हजार एक सौ छत्तीस सहित कुल एक हजार दो सौ अट्ठाईस रिक्त पदों के लिए चुनाव होगा।

## विकसित भारत–जी राम जी

केंद्र सरकार ने विकसित भारत जी राम जी – गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन–ग्रामीण अधिनियम के क्रियान्व्यन के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। यह अधिनियम इस वर्ष एक जुलाई से देशभर में लागू हो जाएगा। विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम, बीस साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम – दो हजार पांच की जगह लेगा। इस नए अधिनियम का उद्देश्य, एक वित्तीय वर्ष में रोज़गार गारंटी को सौ दिनों से बढ़ाकर एक सौ पच्चीस दिन करना है।

## माओवादी सामग्री–बरामद

बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा छुपाकर रखा गया डंप बरामद किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम डोडीतुमनार के पहाड़ी क्षेत्र में माओवादियों ने सामग्री छिपा रखी है। इसके आधार पर पुलिस सहायता केंद्र पीडिया और गंगालूर थाना की संयुक्त टीम ने सर्च अभियान चलाया। अभियान के दौरान जमीन के अंदर छिपाया गया एक बंकर मिला। सुरक्षा जांच के बाद वहां से बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, हथियार, बैटरी, सोलर प्लेट, जनरेटर, वेल्डिंग मषीन और बीजीएल सेल बरामद किए गए।

## माड़ मैत्री अभियान

नारायणपुर पुलिस ने आज सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत करने के उद्देष्य से "माड़ मैत्री" अभियान की शुरुआत की। नारायणपुर के हाईस्कूल ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुड़िया ने बताया कि अभियान का उद्देष्य नक्सल प्रभावित अंदरूनी क्षेत्रों के युवाओं और ग्रामीणों को षिक्षा, खेल, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना है। कार्यक्रम में "हमर फिट नारायणपुर" के तहत सामूहिक जुम्बा सत्र भी आयोजित किया गया। इस दौरान डायल – एक सौ बारह वाहन सेवा, माड़ मैत्री रथ और बाइक पेट्रोलिंग टीम को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## ज्वेलर्स–चोरी

रायपुर के खम्हारडीह थाना क्षेत्र स्थित लक्ष्य ज्वेलर्स में शनिवार और रविवार की दरमियानी रात करीब एक करोड़ के सोने–चांदी के जेवरों की चोरी हो गई। रविवार को दुकान बंद होने के कारण इसकी जानकारी कारोबारी को नहीं हुई। सोमवार सुबह जब उसने दुकान खोली तब चोरी का पता चला। पुलिस दुकान और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

## मौसम

मौसम विभाग के अनुसार एक निम्नदाब का क्षेत्र दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी से लेकर श्रीलंका के उत्तरी तट के ऊपर तक बना हुआ है। इसके साथ ही ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा विस्तारित है। इसके, अगले अड़तालीस घंटों में और प्रबल होने की संभावना है। इस बीच, प्रदेश के मौसम में अगले चौबीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

– धमतरी जिले में तीस दिवसीय "समर कैम्प" की शुरुआत नौ मई से हो गई है। जिला प्रशासन और खेल विभाग के समन्वय से आयोजित यह समर कैम्प आठ जून तक चलेगा, जिसमें खेल तकनीक के साथ–साथ व्यक्तित्व विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

– सक्ती जिले के चंद्रपुर के बस स्टैंड के पास आज एक वाहन में हवा भरते वक्त एयर स्टोरेज टैंक फट गया। इस हादसे में वाहन मैकेनिक की मौके पर ही मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>